प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और सर्वांगीण विकास के लिए सब मिलजुल कर कार्य करें-राज्य मंत्री डॉ. गर्ग

उल्लास मय वातावरण में आयोजित हुआ गणतंत्र दिवस समारोह

राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

झुंझुनू, 26 जनवरी। 70 वां गणतंत्र दिवस समारोह, शनिवार को स्वर्ण जयंती स्टेडियम में पूर्ण गरिमा व उल्लास मय वातावरण में आयोजित किया गया। तकनीकी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद व भारतीय चिकित्सा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (ईएसआई) विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने ध्वजारोहण किया। राज्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

इस अवसर पर राज्य मंत्री डॉ. गर्ग ने कहा कि प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और सर्वांगीण विकास के लिए सब मिलजुल कर कार्य करें। विकसित राजस्थान के निर्माण में प्रत्येक नागरिक को अपना प्रभावी योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि वे गणतंत्र दिवस समारोह में स्वतंत्रता सैनानियों को सम्मानित कर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार हर वर्ग के लोगों के सवार्ंगीण विकास के लिए कृत संकल्प है। प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विकास के अन्तिम छोर पर बैठे निर्धनतम व्यक्ति तक भी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि झुंझुनूं वीर प्रसूता धरा है, शिक्षा की अलख जगाने वालों की धरा है। उन्हाेंने कहा कि महिला शिक्षा के क्षेत्र में जिले का राज्य में अलग स्थान है। यहां के उद्योगपतियों ने राष्ट्र के औद्योगिक विकास में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने स्वाधीनता संग्राम में आगे बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। भारतीय सेनाओं में झुंझुनूं जिले को सर्वाधिक सैनिक भागीदारी का गौरव प्राप्त है। इस धरती के लाडलों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। हवलदार श्री पीरू सिंह को मरणोपरान्त सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से नवाजा गया है।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में झुन्झुनूं जिले को बेटी बचाओ-

बेटी पढ़ाओ अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर राष्ट्रीय स्तर पर लगातार तीसरे वर्ष सम्मानित किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र अग्रवाल ने महामहिम राज्यपाल के संदेश का वाचन किया। समारोह के दौरान परेड कमांडर विजेता जाखड़ के नेतृत्व में आरएसी, पुलिस, गौरव सैनानी, महिला पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट व गाईड कम्पनी, सैनिक स्कूल, द्वारा मार्च पास्ट किया गया। शहर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं की ओर से शारीरिक व्यायाम तथा डंबल का प्रदर्शन किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, शहीद कर्नल जेपी जानू राउमावि, प्रिन्स इन्टरनेशल स्कूल व श्री राणी सती विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जी.बी मोदी स्कूल के विद्यार्थियों ने बैण्ड वादन प्रस्तुत किया। स्कूल के विद्यार्थी जब 'जरा याद करो कुरबानी' की धुन बजाते हुए अतिथियों के सामने से निकले, तो राज्य मंत्री सहित सभी अतिथियों ने खड़े होकर उन्हें सम्मान दिया।

16 झांकियों का प्रदर्शन- समारोह में जिला सैनिक कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र आबूसर, महिला एवं बाल विकास विभाग, उज्ज्वला योजना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, समग्र शिक्षा अभियान, वन विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि एवं उद्यान विभाग, जिला परिषद, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, जल ग्रहण विकास एवं भूसंरक्षण विभाग व नगर परिषद की ओर से आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इनमें प्रथम स्थान पर नगर परिषद की झांकी, द्वितीय स्थान पर जिला परिषद व तृतीय स्थान पर परिवहन विभाग की झांकी रही।

इस दौरान झांकी में शामिल एक ऊंट ने राज्यमंत्री डॉ. गर्ग का माला पहनाकर अभिवादन एवं नृत्य कर स्वागत किया।

इन्होंने जीता साफ-सफाई पुरस्कार ः विभिन्न कार्यालयों में गणतंत्र दिवस पर विशेष रूप से सफाई करवाई गई। इनमें प्रथम स्थान पर कार्यालय उप निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, द्वितीय पर कोष कार्यालय झुंझुनू व तृतीय स्थान पर कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग रहा।

इन्हें सम्मानित किया गया ः गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता सैनानी सुलतानराम, रामेश्वर, सेडुराम, सत्यदेव व गणपतराम को सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री ने स्वतंत्रता

सैनानियों व उनके परिजनों को, उनके पास जाकर व शॉल, प्रतीक चिन्ह् भेंट कर सम्मानित किया और उनकी दीर्घायु की कामना की।

इसके साथ ही खिलाड़ी करण सिंह, खिलाड़ी राजेश कुमार, खिलाड़ी तारावती, खिलाड़ी तान्या योगी, खिलाड़ी जशन योगी, खिलाड़ी ज्योति कुमारी, खिलाड़ी सोनू, खिलाड़ी अमित कुमार धतरवाल, छात्र अभिषेक, खिलाड़ी कार्तिक शर्मा, सूचना सहायक उप निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग वेदप्रकाश, बाल विकास परियोजना अधिकारी ज्योति रेपस्वाल, सहायक कर्मचारी कार्यालय सहायक निदेशक सान्याअवि कृष्ण कुमार, साथिन ग्राम पंचायत भौड़की ब्लॉक उदयपुरवाटी मंजू देवी, कनिष्ठ विशेषज्ञ राजकीय बीडीके अस्पताल डॉ. अनिल सहारण, उप निदेशक राज्य बीमा एवं प्रा.नि.विभाग के कनिष्ठ सहायक मो. शाहिद खान, परिचालक झुंझुनू आगार जयपाल सिंह, अध्यापक राउप्रावि खरकड़ी पंचायत समिति अलसीसर सुधीन्द्र मोहन, परिचालक झुंझुनू आगार सचिन, सीओ गाईड सुभिता गिल, पंचायत प्रसार अधिकारी पंचायत समिति चिड़ावा दारा सिंह, सहायक अभियंता पंचायत समिति बुहाना मनोज कुमार गौड, उपखण्ड अधिकारी उदयपुरवाटी शिवपाल जाट, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिराना के डॉ. श्रवण कुमार, अधीक्षण अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. एम के सिंघल, उप निदेशक डीओआईटी घनश्याम गोयल, कनिष्ठ वाणिज्यिक कर अधिकारी सत्यप्रकाश मरोड़िया, जिला प्रभारी फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल जयप्रकाश शर्मा, फोटो जर्नलिस्ट राजस्थान पत्रिका विमलेश दाधीच, वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रभारी एफएसएल यूनिट अनिल कुमार, पत्रकार दैनिक उद्योग आसपास सूरजगढ़ रविन्द्र महमिया, पत्रकार रणवीर झाझड़िया, टेलीकॉम टेक्नीशियन बीएसएनएल कैलाश चन्द्र, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख एवं एसडीओ झुंझुनू अलका विश्नोई, तहसीलदार झुंझुनू दमयन्ती कंवर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रेमप्रकाश, आई.एल.आर गाडाखेडा बुहाना नरेश कुमार शर्मा, पटवारी मण्डावरा उदयपुरवाटी सांवरमल, सहायक कर्मचारी सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय साजिद अली, हॉकर के रूप में प्रशासन एवं आमजन तक ताजा खबर पहुंचाने में सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य मेंें दलिप कुमार यादव को, महिला शिक्षा व बेटी बचाओ-बेटी पढाओ में सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य में हिम्मत सामाजिक उत्थान संस्थान पिलानी को, राष्ट्रीय पर्व पर सामाजिक समरसता एवं भाईचारे की भावना बढ़ाने एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग देने में सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य में उमाशंकर महमिया को, भामाशाह एवं सामाजिक सेवा में सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य में संजय जखोरिया

जाखोड़ा तहसील चिड़ावा को सम्मानित किया गया। इनके साथ ही गौरीशंकर गौशला बगड़ को पशुपालन विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह् व 11 हजार रूपये का नकद इनाम दिया गया।

समारोह मेें जिला कलक्टर रवि जैन, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव, नगर परिषद के सभापति सुदेश अहलावत, जिला परिषद् मुख्य कार्यकारी अधिकारी जे.पी. बुनकर सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, मीडियाकर्मी, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक सत्यवीर सिंह झाझड़िया व मूलचन्द झाझड़िया ने किया।

कलेक्ट्रेट पर ध्वजारोहण ः जिला कलेक्टर रवि जैन ने कलेक्टर निवास व कलेक्ट्रेट पर और एडीएम राजेन्द्र अग्रवाल ने अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर डिफेन्स स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रगान किया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में ये हुए सम्मानित ः जिला कलक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह में, राजकीय सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान करने वाले 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इनमें सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम राजेन्द्र प्रसाद दूलड़, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, वरिष्ठ सहायक कोष कार्यालय रीना, एसीपी कार्यालय के सूचना सहायक दीपक चौधरी, राजेश जांगिड़, राजकुमार भास्कर तथा सुरेश कुमार, भू-अभिलेख निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, आरपीजी मलसीसर पंकज बैरासिया, आरपीजी सूरजगढ़ नंदलाल नेहरा, आरपीजी बुहाना मनीष कुमार यादव, आरपीजी नवलगढ़ विजेन्द्र चेनवाल, आरपीजी उदपुरवाटी रामनिवास सर्वा, पटवारी बगड़ शीशराम पटवारी, पटवारी भू-अभिलेख प्रमिला, सहायक कर्मचारी कलेक्ट्रेट शिवदत चाहर व सहायक कर्मचारी रसद विभाग पवन कुमार शामिल हैं।

शहीद स्मारक पर राज्यमंत्री ने किए श्रद्धासुमन अर्पित ः राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र चढ़ाकर जिले के शहीद जवानों को नमन किया। इस दौरान जिला कलक्टर रवि जैन, पुलिस अधीक्षक गौरव यादव, एडीएम राजेन्द्र अग्रवाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुनील दत उपस्थित थे।